

# शहरी विकास अपने हाथ




आओ हम सब एक हो जाऐं,
आया नगर को समृद्ध बनाऐं।
गाँव में जब हम आते हैं,
तो कितनी कमियाँ पातें हैं।
नाली गन्दी रहती है,
पन्नी बिखरी रहती है।
जल निकासी कैसी हो?
नदी की धारा जैसी हो।
स्वास्थ्य सुविधा कैसी हो?
शहरी सुविधा जैसी हो।
गाँव विद्यालय कैसे हों?
विकसित स्कूलों जैसे हों।
लड़कियाँ शिक्षित होती जाऐं,
कॉलेज शिक्षा यहीं पे पाऐं।
मिलजुल कर हम करें सफाई,
गाँव में फिर से रौनक आई।।



हमारा आया नगर पिछले कुछ सालों में दिल्ली के विकास एंव फैलाव के कारण, महत्वपूर्ण स्थान बन गया है। यहाँ की आबादी और क्षेत्र दोनों काफी बड़े हैं। गुड़गाँव और दिल्ली दोनों जगहें यहाँ से नजदीक हैं। 1999 में मुख्यमंत्री ने आया नगर को एक 'आदर्श गाँव' बनाने की घोषणा की। 2008 में आया नगर की एक संस्था 'गृह' से सरकार ने आया नगर विकास की योजना माँगी। 'गृह' संस्था में पर्यावरण अनुकूल ड़िजाईन एवं योजना विशेषज्ञ हैं।




हम सबकी राय में आया नगर को 'आदर्श गाँव' बनाने के लिए पहले निचे लिखी जरूरी सुविधायें मिलनी चाहिए :-

*सफाई एवं विकास संबन्धी - पानी की सही सप्लाई और गन्दा पानी निकलने के लिए सही योजना।*
*आने - जाने की सुविधा - बेहतर सड़कें एवं फूटपाथ, नियंत्रित ट्रैफिक, ज्यादा बसें और सही जगह पर बस टर्मिनल।*
*सामुदायिक भवन और बारात घर।*
*सरकारी स्वास्थ्य सुविधा जैसे सरकारी क्लीनिक, अस्पताल और पशु चिकित्सालय।*
*कॉलेज, खासतौर पर महिलाओं के लिए। साथ ही मौजूदा स्कूलों को बेहतर करना और युवकों के लिए खेल सुविधायें।*

यह सब आया नगर विकास योजना से सम्भव है। जरूरी है कि यहाँ के लोग, विशेषज्ञ और संस्थायें मिलकर विकास के स्तरों और तरिकों का एक नमूना तैयार करें। शायद यह पूरे देश के पिछड़े गाँवों के शहरीकरण करने का एक उदाहरण बन जाये। आया नगर में जो भी विकास हुआ है, वह अधिकतर यहाँ के लोगों के कारण हुआ है। अब सरकार इसमें योगदान देना चाहती है जिससे यह सरकार एवं सामुदायिक भागीदारी का एक उदाहरण बने। यह सब करने के लिए सबसे जरूरी है कि आया नगर के लोग, सरकारी विभाग एवं तकनिकी विशेषज्ञ तीनों के बीच एक मजबूत रिश्ता बने।

**आया नगर के सभी निवासी अपना-अपना सही योगदान देकर वास्तव मे आया नगर को एक आदर्श गाँव बनायें।**



**आया नगर विकास समिति**
270, आया नगर,
नई दिल्ली–110047
सचिव : विजेन्द्र कुमार
9811107975

**गृह**
11, इको–ऑपशन्स 21, मंदिर मार्ग,
ए–2, आया नगर फेज–5,
नई दिल्ली–110047
निदेशक– एम एन आशीष गंजु
011–26502584